तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, रविवार 15 मार्च 2026

10 कमर्शियल गैस सिलेंडर की किल्लत, शादी-विवाह वाले ...



11 दुर्गम और विषम रास्तों को पार कर कलेक्टर ...





## खबर संक्षेप

### नानगुर में 3 साल में नहीं बन पाई टंकी



**जगदलपुर।** ग्राम पंचायत नानगुर में पिछले तीन वर्षों से निर्माणाधीन टंकी आज भी अधूरा है। इस संबंध में कई बार उच्च अधिकारी को जानकारी दी गई परंतु इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है । गर्मी आए दिन बढ़ रही है जिसके चलते ग्राम नानगुर में भीषण जल संकट की स्थिति बन गई है। पानी के लिए ग्रामवासी के द्वारा बार-बार मांग की जा रही है की टंकी पूरा हो जाए जिससे गांव को पानी मिल सके वैकल्पिक व्यवस्था के लिए हैंडपंप की अत्यंत आवश्यकता है। उपसरपंच महेंद्र सेठिया ने बताया कि लोगों को राहत पहुंचाने के लिए टंकी का निर्माण किया गया था लेकिन आज भी लोग तरस रहे है। वहीं विभाग के अधिकारी मौन धारण कर बैठे हुए हैं।

### छत्तीसगढ़ वॉलीबॉल यूथ टीम भुनेश्वर रवाना



**जगदलपुर।** 26 वीं यूथ नेशनल वालीबाल चैंपियनशिप 15 मार्च से 21 मार्च तक भुनेश्वर में होगी। पुरूष एवं महिला वालीबाल टीम का चयन रायपुर में किया गया। जिसमें बस्तर संभाग के तीन पुरूष व एक महिला वालीबाल प्लेयरों का चयन छत्तीसगढ टीम में हुआ है। गोकुल सोनी दिपेश कुमार नेताम, राहूल मण्डावी एवं महिला वर्ग में कुमारी सामली बस्तर से है। छत्तीसगढ स्टेट वालीबाल एसोशिएशन के अध्यक्ष महेश गागड़ा ने खिलाड़ियों को किट वितरण कर भुनेश्वर के लिए रवाना किया।

# बस्तर हेरिटेज मैराथन के लिए प्री-इवेंट, दलपत सागर में योग और जुम्बा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर हेरिटेज मैराथन के 22 मार्च को होने वाले आयोजन के पहले शनिवार को प्री-इवेंट दलपत सागर के द्वीप में योग एवं जुम्बा सत्र के साथ हुआ। इस अवसर पर महापौर संजय पांडे ने कहा कि प्रदेश में पहला फुल मैराथन किया जा रहा है। बस्तर की छुपी हुई प्रतिभाओं को अवसर दिया जा रहा है। अधिक लोगों की पंजीयन और दौड़ में शामिल होने से क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को अवसर के साथ पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। कमिश्नर डोमन सिंह ने कहा कि बस्तर मैराथन में अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, प्रदेश और बस्तर संभाग के खिलाड़ी भाग लेंगे। जो धावक अन्य स्थलों से आ रहे हैं उनका स्वागत हमे बेहतर तरीके से करना है ताकि बस्तर से वे अच्छी यादों के साथ जाए। आईजी सुंदरराज पी ने कहा कि इस मैराथन में देश-विदेश से धावक आएंगे इसलिए अधिक सहभागिता तथा मेहमानों का खुले दिल से स्वागत करते हुए कार्यक्रम को यादगार व सफल बनाने का प्रयास किया जाएगा। योग और जुम्बा कार्यक्रम के उपरांत महापौर कमिश्नर, आईजी, पुलिस अधीक्षक शलभ ⏭ शेष पेज 10 पर

## बस्तर की छुपी हुई प्रतिभाओं को मिल रहा अवसरः महापौर



### फिटनेस तथा स्वस्थ होने का संदेश

योग और जुम्बा कार्यक्रम में नागरिकों के साथ सुरक्षा बलों के जवानों ने भी भाग लिया और फिटनेस तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम स्थल पर बस्तर हेरिटेज मैराथन के लिए ऑफलाइन और ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन डेस्क भी स्थापित की गई थी, जहां नागरिकों का मैराथन में भाग लेने के लिए पंजीयन कराया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने मौके पर ही पंजीयन कराकर मैराथन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

## मिस्ड काल देने के बाद भी नहीं आ रहा ओटीपी

# 11 सौ रुपए का गैस सिलेंडर 4 हजार में बिक रहा ओडिशा से मंगाकर देने की बात कह रहे दलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

वैश्विक संकट का असर बस्तर में भी दिखने लगा है। शहर की विभिन्न गैस एजेंसियों में रसोई गैस की कमी। उपभोक्ताओं को सिलेंडर लेने के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। बुकिंग प्रक्रिया में मिस्ड कॉल और ओटीपी अनिवार्य होने के कारण भी उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। कई उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस एजेंसी के नंबर पर मिस्ड कॉल देने के बाद भी कई दिनों तक ओटीपी नहीं आ रहा, जिससे बुकिंग नहीं हो पा रही।

■ आम उपभोक्ता सुबह से लगा रहे कतार

इसी अफरा-तफरी का फायदा उठाकर शहर में गैस सिलेंडर की कालाबाजारी तेजी से हो रही है। 1100 रुपये में मिलने वाला रसोई गैस सिलेंडर इन दिनों 2 हजार से 3 हजार और कई जगह 4 हजार रुपये तक में अवैध रूप से बेचा जा रहा है। रसोई गैस सिलेंडर की कमी के चलते शहर तथा आसपास के अनेक होटल और रेस्टोरेंट में तालाबंदी की नौबत आ गई है। स्टिंग ऑपरेशन में हरिभूमि संवाददाता ने ग्राहक बनकर एक विवाह समारोह के दौरान गैस सिलिंडर की व्यवस्था के बारे में जानकारी लेने पहुंचा। आयोजन से जुड़े लोगों ने बताया कि बड़ी संख्या में मेहमानों के कारण रसोई गैस की आवश्यकता अधिक थी, इसलिए गैस एजेंसी से संपर्क किया गया। वहीं से एक दलाल का ठिकाना बताया गया। जब संवाददाता ग्राहक ⏭ शेष पेज 10 पर





### एजेंसी ने मानी सप्लाई की दिक्कत

हरिभूमि ने पूरे मामले की सच्चाई जानने के लिए शहर के रसोई गैस वितरकों और उपभोक्ताओं के बीच स्टिंग ऑपरेशन किया। एलपीजी वितरक से जब गैस की किल्लत और दलालों द्वारा सिलिंडर महंगे दामों में बेचने की जानकारी पर सवाल किया गया, तो उसने स्वीकार किया कि जब तक रायपुर से नियमित परिवहन नहीं होगा, तब तक वितरक भी सीमित मात्रा में ही सिलिंडर उपलब्ध करा पाएंगे। वितरक ने यह भी बताया कि मिस्ड कॉल बुकिंग के बाद ओटीपी की समस्या इसलिए आ रही है क्योंकि सिस्टम पर एक साथ अधिक दबाव है और सप्लाई कम होने के कारण वितरण प्रभावित हो रहा है।

### कई रेस्टोरेंट पांच पांच दिन से बंद

नयापारा स्थित सोमापा रेस्टोरेंट, उससे लगा ओपल फूड जंक्शन पिछले 4 दिनों से बंद है। न्यू नरेंद्र टाकीज के सामने फेमस बिरयानी रेस्टोरेंट 5 दिनों से बंद है। ओपल फूड जंक्शन के संचालक संजीव पचौरी के अनुसार रसोई गैस सिलेंडर की किल्लत से होटल को बंद करना पड़ा। सोमापा के संचालक सुनीत गुप्ता ने भी यही समस्या का हवाला दिया। सूत्रों के अनुसार घरेलू गैस सिलेंडर जो 900 में प्रति की दर मिलता है,वह अब 1900 से 2000 रुपये में कालाबाजारी में बिक रहा है। जबकि व्यवसायी गैस सिलिंडर जो 1900 का है, वह 4000 में दलाल बेच रहें हैं।

नक्सलियों के मसूंबों पर फेरा पानी, जमीन के अंदर डंप को सुरक्षित निकाला

# नक्सलियों का डंप विस्फोटक बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सुकमा क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के तहत शनिवार तड़के सुरक्षा बलों को एक बड़ी सफलता मिली है। विशेष खुफिया सूचना के आधार पर ग्राम गोमगुड़ा के पोडियमपारा क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा डंप किया गया भारी मात्रा में विस्फोटक व नक्सल सामग्री सीआरपीएफ 226 बटालियन की सी कंपनी द्वारा विशेष एंबुश ऑपरेशन चलाकर बरामद किया गया है। जवानों ने माओवादियों की बड़ी साजिश को नाकाम करते हुए विस्फोटकों का बड़ा जखीरा बरामद किया जो माओवादियों द्वारा जंगल में गड्ढा खोदकर डंप किया गया था। फोर्स को खुफिया इनपुट मिली थी कि सुकमा क्षेत्र के ग्राम गोमगुड़ा के पोडियमपारा इलाके में नक्सलियों ने बड़ी मात्रा में सामग्री और विस्फोटक छिपाकर रखा है। इसी सूचना पर कमाण्डेंट एचपी सिंह व द्वितीय कमान अधिकारी बीरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में ऑपरेशन को सहायक कमांडेंट जी नबी के नेतृत्व में संचालित किया गया था। सुरक्षाबल के जवानों ने एफओबी गोमगुड़ा से लगभग एक किलोमीटर पश्चिम दिशा में स्थित पोडियमपारा क्षेत्र की घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान शुरू किया। पोडियमपारा ⏭ शेष पेज 10 पर

■ बरामद विस्फोटक में अमोनियम नाइट्रेट व अन्य सामान शामिल



## खबर संक्षेप



### मोटर दुर्घटनाः दावाकर्ता के पक्ष में 1 करोड़ 15 लाख का अवार्ड पारित

**फरसगांव।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। 19 दिसम्बर 2024 को वाहन दुर्घटना से पीड़ित की मृत्यु को गई थी। जिसके परिणामस्वरूप प्रतिवादीगण से बीमा कंपनी द्वारा 1 करोड़ 15 लाख रुपए का अवार्ड पारित कर आहत / पीड़ित पक्ष को मुआवजा राशि दी गई। उक्त समझौता न्यायालय विक्रम प्रताप चन्द्रा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अधिवक्ता प्रशांत दत्ता द्वारा बीमा कंपनी के बीच समझौता करा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश किरण चतुर्वेदी द्वारा पीड़ित पक्ष को राशि 1 करोड़ 15 लाख का चेक प्रदान किया गया। साथ ही पीड़ित पक्ष को पौधा वितरण कर पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित किया गया।

### बकावंड में रेत का अवैध उत्खनन, पोकलेन जब्त




**जगदलपुर।** जिले में खनिज संपदा के अवैध दोहन को रोकने के लिए कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशानुसार कार्रवाई जारी है। शनिवार को तहसील बकावंड के ग्राम तारापुर में खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई की गई । खनिज अधिकारी शिखर चेरपा के मार्गदर्शन में खनिज दल ने छत्तीसगढ़ और ओडिशा राज्य की अंतर्राज्यीय सीमा पर स्थित भस्कली नदी पर दबिश दी जहां बड़े पैमाने पर रेत का अवैध उत्खनन किया जा रहा था। खनिज विभाग के जांच के दौरान मौके पर रेत निकालते हुए एक पोकलेन मशीन पकड़ा। पोकलेन को विभाग ने सील कर सुपुर्दगी में ले लिया है। साथ ही उक्त प्रकरण में नियमानुसार दण्डात्मक कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई में जिला खनिज जांच दल से सहायक खनिज अधिकारी जागृत गायकवाड़, सिपाही डिकेश्वर खरे सहित महादेव सेठिया, देवी राम और सहदेव मौजूद रहे।

# मिलेट के पोषणात्मक महत्व बताने के लिए विद्यार्थियों ने लगाए पौष्टिक व्यंजनों के स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ शासन की रुसा 2.0 योजना के अंतर्गत श्री अन्न मिलेट पोषण मेला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सरला आत्रम के निर्देशन में गृह विज्ञान विभाग एवं रुसा इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और आमजन को मिलेट श्री अन्न के पोषणात्मक महत्व से अवगत कराना और पारंपरिक खाद्यान्नों के उपयोग को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई उपस्थित रहे। वहीं शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय राजिम के सहायक प्राध्यापक डॉ. भानु प्रताप नायक मुख्य स्रोत वक्ता के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्राचार्या डॉ. सरला आत्रम ने अपने संबोधन में कहा कि मिलेट केवल पारंपरिक अनाज नहीं बल्कि भविष्य के लिए अत्यंत उपयोगी और स्वास्थ्यवर्धक खाद्यान्न हैं। उन्होंने कहा कि आज की जीवनशैली में मिलेट का नियमित सेवन कई रोगों से बचाव में सहायक है और इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं। जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई ने कहा कि छत्तीसगढ़ में मिलेट पारंपरिक कृषि और संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मिलेट कम पानी में भी आसानी से उगाए जा सकते हैं और इनमें भरपूर पोषक तत्व होते हैं, इसलिए इनके उत्पादन और उपयोग को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है।

## नियमित सेवन से कई रोगों से बचाव, गुंडाधुर महाविद्यालय में श्री अन्न मिलेट पोषण मेला

### तकनीकी सत्र में मिलेट के स्वास्थ्य लाभ पर व्याख्यान

तकनीकी सत्र में मुख्य वक्ता डॉ. भानु प्रताप नायक ने मिलेट के पोषणात्मक और औषधीय महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मिलेट का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जिससे यह मधुमेह रोगियों के लिए भी लाभकारी है। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित शोध पत्र वाचन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान यमुना नेताम एमए हिंदी चतुर्थ सेमेस्टर, द्वितीय स्थान शोधार्थी प्रेमजीत, तृतीय स्थान आदर्श वैष्णव अतिथि व्याख्याता ने प्राप्त किया।



### बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं रहे उपस्थित

कार्यक्रम का संचालन डॉ. आकाश वासनीकर ने किया तथा आभार प्रदर्शन शशिभूषण कन्नौजे द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. देवाशीष हालदार, शोभाराम यादव, रूपा सोरी, नसीर अहमद, विनय कुमार देवांगन, नेहा बंजारे, अर्जुन सिंह नेताम, समलेश पोटाई, लोचन सिंह वर्मा, क्रीड़ाधिकारी हुमन राम यदु सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे। इस आयोजन ने विद्यार्थियों और आमजन को श्री अन्न मिलेट के पोषणात्मक महत्व से जोड़ते हुए पारंपरिक और स्वस्थ आहार की ओर प्रेरित किया।

## कब मिलेगा सिलेंडर, नहीं मिल रहा स्पष्ट जवाब

# कमर्शियल गैस सिलेंडर की किल्लत, शादी-विवाह वाले परिवार परेशान, पांच दिनों से भटक रहे उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले में इन दिनों कमर्शियल गैस सिलेंडर की भारी किल्लत है। शादी–विवाह के सीजन में गैस की अचानक कमी ने आम लोगों के साथ–साथ होटल, कैटरिंग व्यावसायियों और शादी वाले परिवारों की परेशानी बढ़ा दी है। हालात ऐसे हैं कि लोग पिछले 5 दिनों से गैस एजेंसियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें यह तक नहीं बताया जा रहा कि सिलेंडर कब उपलब्ध होगा।

मार्च और अप्रैल में विवाह समारोहों का दौर शुरू हो चुका है। ऐसे समय में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी ने परिवारों को मुश्किल में डाल दिया है। शादी समारोहों में खाना बनाने के लिए बड़े पैमाने पर गैस सिलेंडर की जरूरत होती है। सिलेंडर नहीं मिलने के कारण कैटरिंग करने वाले और आयोजन करने वाले परिवार चिंता में हैं। कई लोगों का कहना है कि उन्हें गैस एर्जेसियों से केवल आश्वासन ही मिल रहा है, लेकिन सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इससे शादी की तैयारियों पर भी असर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई उपभोक्ता पिछले पांच दिनों से गैस एजेंसियों के चक्कर लगा रहे हैं। एजेंसी में पूछने पर उन्हें यह जवाब मिलता है कि सप्लाई नहीं आई है और कब आएगी इसकी कोई निश्चित जानकारी नहीं है। कुछ कैटरिंग व्यवसायियों ने बताया कि कार्यक्रम तय हो चुके हैं, लेकिन गैस नहीं मिलने से उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था करने में परेशानी हो रही है।

### कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 2150 रुपए



एक ओर सिलेंडर की कमी है, वहीं दूसरी ओर इसकी कीमत भी लगातार बढ़ रही है। वर्तमान में कमर्शियल गैस सिलेंडर का दाम बढ़कर लगभग 2150 रुपये तक पहुंच गई है। इसके कारण छोटे व्यवसायियों और कार्यक्रम आयोजकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। सिर्फ कमर्शियल सिलेंडर ही नहीं, बल्कि घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत भी अब एक हजार रुपये के पार पहुंच चुकी है। बढ़ती कीमतों के कारण आम उपभोक्ताओं की जेब पर भी असर पड़ रहा है।

### नारायणपुर में सिलेंडर के लिए सुबह से लग रही कतार



नारायणपुर। जिले में एक कुशल गैस एजेंसी होने के चलते सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्क्तओं की सुबह से ही कतार लग रही है। पिछले 4-5 दिन से रोजाना सुबह 7 बजे से उपभोक्ता पहुंच रहे। रसोई गैस लेने लाइन लगा कर अपनी पारी का इंतजार करते हैं। कमर्शियल गैस की कीमतों में इजाफा होने एवं उपलब्ध नहीं होने पर होटलों एवं फास्ट फूड ठेलो में भी घरेलू रसोई गैस अधिक दामों पर लेकर उपयोग करने को संचालक मजबूर हैं।

### प्रशासन और कंपनियों से समाधान की मांग

स्थानीय लोगों और व्यवसायियों ने प्रशासन तथा गैस कंपनियों से मांग की है कि जल्द से जल्द पर्याप्त मात्र में सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उनका कहना है कि शादी–विवाह के इस मौसम में गैस की कमी से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही स्थिति नहीं सुधरी तो शादी समारोहों के आयोजन में गंभीर समस्या खड़ी हो सकती है।

### पांच दिन से खत्म भारत गैस एजेंसी

शादी विवाह के लिए कमर्शियल गैस सिलेंडर पांच दिनों से खत्म है। 20 प्रतिशत सप्लाई मिलेगी ऐसा हमें बताया जा रहा है। इस में से भी छात्रावासों आश्रमों के लिए प्राथमिकता रहेगी। अभी कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत लगभग 2150 रु प्रति सिलेंडर है।

### सप्लाई नहीं आ रही: इंडेन गैस एजेंसी

शादी विवाह के लिए कमर्शियल गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं है। जब कंपनी भेजेगी हम देना शुरू करेंगे। कब मिलेगा कह नहीं सकते। अभी कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई नहीं आ रही है।

### 14 प्रतिष्ठानों से 29 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देश पर जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग के खिलाफ खाद्य एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने सख्त कार्रवाई की। जांच के दौरान विभिन्न होटल और ढाबों से कुल 14 प्रतिष्ठानों से 29 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। खाद्य अधिकारी नवीन श्रीवास्तव ने बताया कि कोंडागांव क्षेत्र में लक्ष्मी विलास होटल से 4 नग, शैलेश होटल से 1 नग और हयात फूड कॉर्नर से 1 नग घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किया गया। फरसगांव क्षेत्र में पुष्पा होटल बोरगांव से 2 नग, राजवंशी होटल बोरगांव से 3 नग, अमृत सागर स्वीट्स फरसगांव से 2 नग तथा मनसा होटल फरसगांव से 1 नग घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किया गया। बड़ेराजपुर क्षेत्र में पूर्णिमा होटल विश्रामपुरी से 5 नग, निषाद होटल से 1 नग, महेंद्र ढाबा से 1 नग और चमक होटल से 1 नग सिलेंडर जब्त किए गए। केशकाल क्षेत्र में सिंघनपुर ढाबा से 2 नग, शारदा डेली नीड्स बेडमा से 2 नग तथा इब्राहिम चाय–नाश्ता केंद्र केशकाल से 3 नग घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग प्रतिबंधित है। ऐसे मामलों में आगे भी लगातार जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## धारदार हथियार लहराकर लोगों को डरा रहा आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

■ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज, आरोपी भेजा गया जेल

नगरनार थाना क्षेत्र के ग्राम मारकेल मुख्य मार्ग में धारदार हथियार लेकर आने जाने वालों को डराने धमकाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा गया। गुण्डागर्दी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी सुमीत कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था। त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम मारकेल रोड किनारे चिंगडु ट्रेक्टर गैरेज के सामने आरोपी राजु यादव निवासी ग्राम मारकेल द्वारा हथियार लहराकर लोगो को डरा धमका कर आसपास के लोगों को भयभीत कर गांव का माहौल खराब करता हुआ मिला। टीम द्वारा आरोपी को घेराबंदी कर पकडा गया एवं आरोपी के कब्जे से धारदार लोहे के हथियार को बरामद कर जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार करने में निरीक्षक संतोष सिंह के अलावा एसआई सतीश यदुराज, एएसआई महेन्द्र सिंह ठाकुर, प्रधान आरक्षक अजय साहू, विनोद यादव व डीएसएफ आरक्षक मनोज कश्यप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पुल निर्माण की धीमी गति पर जताई नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने शुक्रवार को कोंडागांव विकासखण्ड के ग्राम लखापुरी में भंवरडीह नदी पर बन रहे पुल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। ग्राम लखापुरी में भंवरडीह नदी पर 225 मीटर लंबाई के पुल का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसका कलेक्टर ने मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्माण एजेंसी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए और कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य की प्रगति बढ़ाने के लिए बैठक आयोजित करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य श्रीमती यशोदा रामचंद्र कश्यप सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। निरीक्षण के समय जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, एसडीएम अजय उरांव और तहसीलदार विजय सिंह भी मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार हाईवा दुकान में घुसा, बाल बाल बचे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

एनएच 30 स्थित परचनपाल के करीब शनिवार सुबह हुए भीषण हादसे में हाईवा चालक वाहन में फंस गया था। जिसे मशक्कत के बाद एसडीआरएफ की टीम ने बाहर निकाला। वहीं तेज रफ्तार वाहन दुकान में घुस गया था लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई। जानकारी के मुताबिक परचनपाल के पास भीषण सड़क हादसे में एक हाइवा चालक गाड़ी में बुरी तरह फंस गया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू कर चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि रायपुर से जगदलपुर की ओर आ रही तेज रफ्तार हाइवा पर चालक नियत्रंण नहीं रख सका और वह दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिससे चालक सुंदरलाल माझी वाहन के केबिन में बुरी तरह फंस गया था। दुर्घटनाग्रस्त वाहन सड़क किनारे एक दुकान में जा घुसा। इस भीषण दुर्घटना में वाहन का चालक बुरी तरह से फंस गया था। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस व एसडीआरएफ टीम ने विशेष कटर की मदद से फसें चालक को सुरक्षित बाहर निकाला।




बस्तर थाना प्रभारी सुरेश जांगड़े ने बताया कि शनिवार की सुबह एक हाइवा वाहन रायपुर से जगदलपुर की ओर आ रहा था। अचानक चालक को झपकी आ गई जिससे वाहन से वह नियंत्रण खो दिया और वाहन सड़क किनारे स्थित एक दुकान में जा घुसी, गनीमत थी कि जब हादसा हुआ तब दुकान में कोई नहीं था नहीं तो जनहानि हो सकती थी। टक्कर इतनी भीषण थी कि चालक गाड़ी में बुरी तरह फंस गया। हादसे में चालक सुंदर माझी का एक पैर फ्रैक्चर हो गया जिसका अस्पताल में उपचार जारी है। इस रेस्क्यू अभियान में नगर सेनानी एसके मार्बल की अहम भूमिका रही जिनके नेतृत्व में टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए चालक को सुरक्षित बाहर निकालने में सफलता हासिल की।

पांडे ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग

# राज्य में अफीम की खेती के खुलासे से भाजपा सरकार की पोल खुली: सीपीआई



**कोण्डागांव।** राज्य में अफीम की खेती के लगातार सामने आ रहे मामलों को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सीपीआई के राज्य सचिव मंडल सदस्य तिलक पांडे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि दुर्ग जिले के बाद अब बलरामपुर–रामानुजगंज क्षेत्र में अफीम की खेती के खुलासे ने भाजपा सरकार के तथाकथित सुशासन की पोल खोल दी है। श्री पांडे ने कहा कि अफीम की खेती के लगातार हो रहे खुलासों से यह स्पष्ट हो गया है कि राज्य में नशे का कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार इसे रोकने में पूरी तरह असफल साबित हो रही है। साथ ही राज्य की खुफिया एर्जेसियां भी इस खतरे को पहचानने और रोकने में विफल रही हैं। सीपीआई नेता ने दावा किया कि विभिन्न स्रोतों से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा के कुछ नेताओं के संरक्षण में अफीम की खेती को बढ़ावा मिल रहा है। उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग – सीपीआई ने मांग की है कि अफीम की खेती के पूरे मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए। जांच में यह पता लगाया जाए कि खेती करने, कराने और संरक्षण देने में कौन–कौन लोग शामिल हैं। पार्टी ने राज्य में नशे के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए राज्यव्यापी नशा मुक्ति अभियान चलाने की मांग की है, जिसमें विशेष रूप से ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रें पर ध्यान देने की बात कही गई है।

## पेज 9 के शेष

### बस्तर हेरिटेज मैराथन ...

सिन्हा, जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर सी.पी. बघेल, आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा, एमआईसी सदस्य संग्राम सिंह तथा सहायक कलेक्टर विपिन दुबे सहित अन्य अधिकारियों ने बस्तर हेरिटेज मैराथन की टी-शर्ट का अनावरण किया।

### 11 सौ रुपए का ....

बनकर उस दलाल के पास पहुंचा तो उसने प्रति सिलिंडर साढ़े तीन हजार से चार हजार रुपये तक में गैस उपलब्ध कराने की बात कही। दलाल ने दावा किया कि बस्तर से सटे ओडिशा से सिलिंडर दुगनी कीमत पर मंगाए जाते हैं। फिर परिवहन का अतिरिक्त खर्च जोड़कर जगदलपुर तक पहुंचाया जाता है। उसके अनुसार इतना जोखिम उठाकर लाने के बाद मुनाफा न मिले तो यह काम संभव नहीं है।

**कालाबाजारी पर होगी कार्रवाईः खाद्य नियंत्रक :** खाद्य नियंत्रक घनश्याम राठौर का कहना है कि जिले में कहीं भी रसोई गैस सिलिंडर की कमी नहीं है। यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा रसोई गैस की कालाबाजारी की जाती है या उपभोक्ताओं से निर्धारित दर से अधिक कीमत वसूली जाती है, तो उसके विरुद्ध खाद्य अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। विभाग ऐसी शिकायतों पर निगरानी रख रहा है। दोषी पाए जाने पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

बीजापुर में कमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध नहीं : बीजापुर संवादाता ने बताया कि यहां के आदिम जाति गैस एजेंसी भारत गैस, विजय लक्ष्मी गैस एजेंसी गो गैस, शिव शक्ति ग्रामीण वितरक एचपी गैस तथा मद्देड़ गैस एजेंसी एचपी ने कमर्शियल गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं है।

### नक्सलियों का ....

के घने जंगलों नक्सलियों द्वारा जमीन के अंदर छिपाकर रखे विस्फोटक को जीआर लोकेशन व डॉग स्क्वॉड की मदद से पता लगाया गया। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पूरे इलाके की घेराबंदी कर के-9 तथा बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल (बीडीडी) स्क्वॉड की मदद से गहन तलाशी ली गई तलाशी के दौरान जवानों को नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए कई सामान और विस्फोटक सामग्री मिली जिसे सुरक्षित निकालकर बरामद किया गया।

बरामद डंप में शामिल विस्फोटक : सुरक्षाबल द्वारा मौके से 18 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट के अलावा पिट्ठू बैग, स्लीपिंग बैग, नक्सली पत्रिका, चाकू और मेडिकल सामान, इलेक्ट्रिकल वायर, चार्जर, डेटा केबल, बैटरी, स्विच ड्राइंग मैप चार्ट पेपर, 50 लीटर का ब्लू ड्रम स्टील टिफिन बॉक्स, छाता, आयरन झरना, सिलिंग, सिविल कपड़ा, हरा पेंट, वाटर कूलिंग बैग, मेडिकल आइटम, ड्राइंग मैप चार्ट पेपर व अन्य सामान बरामद किया गया। बरामद की गई सभी सामग्री को सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए सुरक्षित रूप से बरामद कर पूरे इलाके में सुरक्षा बलों द्वारा निगरानी और सर्च अभियान और भी तेज कर दिया गया है ताकि नक्सलियों की किसी भी गतिविधि को समय रहते रोका जा सके।

नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने हम प्रयासरत : सीआरपीएफ 226 बटालियन के कमांडेंट एचपी सिंह ने कहा कि हम नक्सलवाद को जड़ से खत्म करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जवान दिन-रात कठिन परिस्थितियों में भी पूरी सतर्कता के साथ अभियान चला रहे हैं ताकि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। जवानों के साहस, सतर्कता और पेशेवर दक्षता की बदौलत हमारा अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। सुरक्षा बलों का लक्ष्य है कि सुकमा और आसपास के इलाकों को पूरी तरह नक्सल मुक्त बनाया जाए ताकि यहां के ग्रामीण भय के माहौल से बाहर निकलकर विकास और खुशहाली की राह पर आगे बढ़ सके।

## बड़ेबेन्दरी में 4 दिव्यांगजनों को मिली ट्राइसिकल

# जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में लोगों ने दिए 81 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

■ 8 विद्यार्थियों को दिया गया जाति प्रमाण पत्र

जनपद पंचायत कोंडागांव अंतर्गत ग्राम बड़ेबेन्दरी में गुरुवार को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं और मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप आमजनों की समस्याओं के निराकरण के लिए ऐसे शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना के तहत घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को विशेष छूट दी जा रही है। साथ ही उन्होंने श्रम विभाग के श्रम पंजीयन तथा दीदी ई–रिक्शा योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं को प्रेरित किया। कलेक्टर ने जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अनीता कोर्राम, उपाध्यक्ष टोमेन्द्र ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रामदई नाग और नंदलाल राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का समुचित एवं त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।



### हितग्राहियों को मिला योजनाओं का लाभ

जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों से कुल 81 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर के दौरान समाज कल्याण विभाग द्वारा 4 दिव्यांगजनों को ट्राइसिकल प्रदान की गई। वहीं 8 विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। स्वास्थ्य विभाग ने 1 हितग्राही को पोषण आहार और 1 हितग्राही को आयुष्मान कार्ड प्रदान किया। इसके अलावा राजस्व विभाग ने मौके पर ही 4 ऋण पुस्तिकाएं वितरित कर आवेदनों का निराकरण किया। विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों ने शासन–प्रशासन के प्रति खुशी और आभार व्यक्त किया।

### अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, जनपद पंचायत कोंडागांव के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उत्तम महोबिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# 241 बस्तरिया बटालियन सेडवा सुपर किंग ने ट्रॉफी पर किया कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा




241 बस्तरिया बटालियन सीआरपीएफ द्वारा ग्राम सेंडवा में स्थित राजूर स्टेडियम में अंतर बटालियन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में जगदलपुर रेंज के चार बटालियन की टीमें 80 बटालियन कोलेंग नाईट राइडर्स, 188 बटालियन डोलेरेस रायल चैलेंजर्स, 227 बटालियन तोंगपाल टाईटन्स, तथा 241 बस्तरिया बटालियन सेडवा सुपर किंग ने भाग लिया। फाइनल में 80 बटालियन कोलेंग नाईट राइडस को हरा कर 241 बस्तरिया बटालियन सेडवा सुपर किंग ने ट्रॉफी पर कब्जा किया।

टूर्नामेंट का शुभारंभ एस. अरुल कुमार आई.पी.एस. पुलिस उप महानिरीक्षक ने किया। इस दौरान पुलिस उप महानिरीक्षक ने खिलाडियों को कहा कि ऐसे खेल आयोजन से जवानों में आपसी समन्वय मानसिक एवं शारीरिक क्षमता तथा प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने खिलाड़ियों को नियमित रूप से खेल कूद में भाग लेकर अपने स्वास्थ और फिटनेस को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी बताया कि सीआरपीएफ न केवल आमजनों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है बल्कि उनके विकास, जीवन स्तर को ऊंचा करने और उन्हें मुख्यधारा में जोड़ने के लिए दृढ़ संकल्पित है। प्रतियोगिता के अंत में विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए।

कार्यक्रम के दौरान हरविन्दर सिंह कमांडेंट 241 बटालियन, जीतेन्द्र कुमार कमाण्डेन्ट 80 बटालियन, भावेस चौधरी कमाण्डेन्ट 188 बटालियन, संजीव सिंह द्वितीय कमान अधिकारी 227 बटालियन, संजय कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, दिनेश कुमार द्वितीय कमान अधिकारी स्टाफ, अधिकारी रेंज जगदलपुर, निरर्जन कुमार निराला उप कमाण्डेट, अमरजीत गुप्ता उप कमाण्डेट, प्रमोद कुमार सिंह, सहायक कमाण्डेंट एवं 241 बस्तरिया बटालियन के जवान मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### 20 विद्यार्थियों ने सैनिक विद्यालय चयन परीक्षा की उत्तीर्ण




**दंतेवाड़ा।** जिला मुख्यालय में संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय चयन पूर्व प्रशिक्षण केंद्र नन्हे परिंदे पातररास के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। प्रशिक्षण केंद्र के 20 विद्यार्थियों ने सैनिक विद्यालय चयन परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की। चयन प्रक्रिया के अगले चरण के अंतर्गत इन विद्यार्थियों को मेडिकल जांच हेतु कॉल प्राप्त हुआ है, जो उनके अंतिम चयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
यह उपलब्धि विशेष रूप से इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि दंतेवाड़ा जैसे दूरस्थ और आदिवासी बहुल जिले के बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के अवसरों तक पहुंच बनाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य रहा है। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में संचालित नन्हे परिंदे प्रशिक्षण केंद्र इन बच्चों को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए तैयार करने का एक सशक्त मंच बनकर उभरा है। इस केंद्र में विद्यार्थियों को जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा की तैयारी हेतु नियमित कोचिंग, विषयगत मार्गदर्शन, अभ्यास परीक्षाएं तथा शैक्षणिक सहयोग प्रदान किया जाता है।

### साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा 22 को



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अध्यक्ष देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन तथा जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जयंत नाहटा के नेतृत्व में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। यह परीक्षा राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर के तत्वावधान में 22 मार्च को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण दंतेवाड़ा ने आयोजित इस परीक्षा के लिए जिले के चारों विकास खंडों में व्यापक तैयारी की जा रही है। ग्राम पंचायत स्तर पर विद्यालयों में शिक्षार्थियों की संख्या के आधार पर कुल 455 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां शिक्षार्थी अपनी सुविधा अनुसार निर्धारित समयावधि में परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। परीक्षा में प्रश्न पत्र हल करने के लिए शिक्षार्थियों को 3 घंटे का समय दिया जाएगा। इस विशेष पहल के रूप में जिला जेल में विचाराधीन बंदियों के लिए भी एक परीक्षा केंद्र बनाया जा रहा है।

## विकास की नई इबारत लिखने की तैयारी

# दुर्गम और विषम रास्तों को पार कर कलेक्टर पहुंचे सुदूर गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

घने जंगलों और ऊबड़-खाबड़ रास्तों के बीच बसे दंतेवाड़ा के सुदूरवर्ती गांवों में आज विकास की एक नई किरण पहुंची। जिला कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने आज प्रशासनिक लाव-लश्कर के साथ किरंदुल से हिरोली होते हुए जिले के सबसे दुर्गम गांवों में से एक पुरंगेल, बड़ेपल्ली एवं बेंगपाल का सघन दौरा किया। यह दौरा महज एक निरीक्षण नहीं, बल्कि उन ग्रामीणों के लिए उम्मीद का संदेश था जो दशकों से बुनियादी सुविधाओं की राह देख रहे थे। पुरंगेल तक पहुंचने का रास्ता

- **अफसरों को देख ग्रामीणों के चेहरों पर झलकी मुस्कान**

आज भी पगडंडियों और घने वन क्षेत्रों से होकर गुजरता है, जहाँ आधुनिकता की दस्तक अभी तक थमी हुई थी।

जब कलेक्टर अपनी टीम के साथ बाईक से विषम रास्तों को पार कर गांव पहुंचे, तो ग्रामीणों के चेहरों पर झलकी मुस्कान ने इस कठिन सफर की थकान मिटा दी। पुरंगेल, बेंगपाल और बड़ेपल्ली जैसे आश्रित गांवों की स्थिति का जायजा लेते हुए कलेक्टर ने पाया कि यहाँ की भौगोलिक परिस्थितियाँ विकास के मार्ग में सबसे



बड़ी बाधा हैं। ग्रामीणों के बीच बैठकर उनकी समस्याओं को सुनते हुए कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि अब इन गांवों की तस्वीर बदलेगी। उन्होंने मौके पर ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों को पुरंगेल तक अविलंब प्राक्कलन तैयार कर सड़क निर्माण करने का आदेश दिया। कलेक्टर का मानना है कि सड़क सिर्फ आवाजाही का साधन नहीं, बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य का द्वार हैय इसीलिए उन्होंने घोषणा की कि सड़क बनते ही यहाँ आंगनवाड़ी और सर्वसुविधायुक्त स्कूल भवनों की स्वीकृति दी जाएगी। सिर्फ बुनियादी ढांचा ही नहीं, बल्कि ग्रामीणों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए भी चौतरफा रणनीति बनाई गई है। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को पेयजल के लिए कुंआ, नलकूप और हैंडपंप की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। वहीं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए ग्रामीणों को बकरी और सूअर पालन जैसी आजीविका गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। दूरस्थ क्षेत्रों में रसद की समस्या को देखते हुए इन तीनों गांवों के लिए ऑफलाइन सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से राशन की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

इस दौरे में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा और डीएफओ रामाकृष्णा रंगनाधा वाय सहित विभिन्न विभागों के आला अधिकारी मौजूद रहे, जो अब इस दुर्गम क्षेत्र के कायाकल्प की योजना को धरातल पर उतारने में जुट गए हैं।

### विशेष शिविर लगाकर महत्वपूर्ण दस्तावेज बनाए जाएंगे

कलेक्टर ने घोषणा की कि किरंदुल में एक विशेष शिविर लगाकर ग्रामीणों के बैंक खाते, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड और जॉब कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज बनाए जाएंगे। साथ ही स्वास्थ्य सुविधाओं को घर-तक पहुंचाने के लिए स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग की टीमें हर 15 दिन में यहाँ स्वास्थ्य शिविर आयोजित करेंगी। ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उन्हें फलदार पौधों का वितरण किया जाएगा और गांव के बुजुर्गों को समाज कल्याण विभाग की ओर से जरूरी उपकरण मुहैया कराए जाएंगे। अंत में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है।

# गैस सिलेंडर को लेकर सरकार झूठ बोल रही है जनता घंटों लाइन में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

रसोई गैस की आपूर्ति को लेकर सरकार के दावे पूरी तरह खोखले साबित हो रहे हैं। यह बात छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष एवं बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कोने-कोने से गैस सिलेंडर की कमी की खबरें सामने आ रही हैं। कई स्थानों पर गैस एजेंसियों के बाहर स्टॉक समाप्त के पर्चे लगे हुए हैं, जबकि सरकार लगातार यह दावा कर रही है कि प्रदेश में गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है।



सरकार के इन दावों और जमीनी हकीकत में साफ अंतर दिखाई दे रहा है। जगदलपुर सहित बस्तर के कई क्षेत्रों में लोग सुबह 5 बजे से गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारों में खड़े रहने को मजबूर हैं । कई सौ मीटर लंबी लाइन में घंटों धूप में खड़े रहने के बाद भी लोगों को खाली हाथ घर लौटना पड़ रहा है, यह स्थिति प्रदेश सरकार की लापरवाही और विफलता को दर्शाती है।

उन्होंने यह भी कहा कि गैस सिलेंडर की कमी का असर अब आम लोगों के साथ-साथ छोटे व्यवसायों और रेस्टोरेंट संचालकों पर भी पड़ रहा है कई रेस्टोरेंट सिलेंडर की किल्लत का हवाला देकर ग्राहकों से 5 प्रतिशत जीएसटी के अतिरिक्त 10 प्रतिशत तक सरचार्ज वसूल रहे हैं, जो पूरी तरह अनुचित और अवैध है।

बघेल ने कहा कि जब जनता रसोई गैस के लिए परेशान है, तब सरकार केवल झूठे प्रचार और दिखावे की राजनीति में व्यस्त है। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि यदि गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है, तो फिर प्रदेशभर में लोगों को घंटों लाइन में क्यों खड़ा होना पड़ रहा है। सरकार तत्काल गैस आपूर्ति की वास्तविक स्थिति जनता के सामने रखे और रेस्टोरेंटों द्वारा ग्राहकों से की जा रही अतिरिक्त वसूली पर तुरंत रोक लगाए। साथ ही गैस की आपूर्ति सुचारू रूप से सुनिश्चित की जाए, ताकि आम जनता को इस परेशानी से राहत मिल सके।

# प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा




राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देश पर वर्ष 2026 की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा के अंतर्गत किया गया।

यह लोक अदालत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय दंतेवाड़ा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुकमा, बीजापुर तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बचेली के साथ-साथ तीनों राजस्व जिलों दंतेवाड़ा, सुकमा एवं बीजापुर के राजस्व न्यायालयों में एक साथ आयोजित की गई। शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्याय सदन के सभा कक्ष में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार आदित्य द्वारा मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने सभी पीठासीन अधिकारियों, न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं एवं कर्मचारियों को अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रोत्साहित करते हुए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों का आपसी सहमति से समाधान होता है, जिसमें किसी भी पक्षकार की हार नहीं होती। इससे पक्षकारों के बीच आपसी प्रेम और सद्भाव बना रहता है तथा वैमनस्यता और शत्रुता समाप्त होती है। कार्यक्रम के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा नेशनल लोक अदालत में गठित विभिन्न खंडपीठों का निरीक्षण भी किया गया।

# 11 बसों में फायर सेफ्टी, फास्टेग, किराया सूची, चालक वर्दी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गर्मी के मौसम में यात्रियों के सुविधा एवं सफल सफर के लिए परिवहन उड़नदस्ता के साथ यात्री वाहनों का आकस्मिक निरीक्षण

- **आरटीओ उड़नदस्ते ने की यात्री बसों की जांच**

किया गया।

जिसमें कांकेर रोडवेज, महिन्द्रा ट्रेवल्स, रॉयल ट्रेवल्स, शर्मा ट्रेवल्स, गुप्ता ट्रेवल्स, बस्तर ट्रेवल्स, जय माता दी ट्रेवल्स, कोमल ट्रेवल्स, सुन्दर ट्रेवल्स के बसों के सीट की जांच की। जांच में





11 बसों में फायर सेप्टी, फास्टेग, किराया सूची, चालक वर्दी की कमी पाये जाने पर 6200 रूपए का शमन शुल्क वसूला और एक सप्ताह में पूर्ति करने की कड़ी चेतावनी दी गई। अधिक किराया वसूली के संबंध में यात्रियों से फिड बेक भी लिया गया, किसी यात्रियों के द्वारा शिकायत नहीं किया गया। सभी वाहनों में फिटनेस, पीयूसी, परमिट की जांच करने पर सही पाया गया।

### उल्लंघन पर होगी सख्ती


संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि परिवहन नियमों उल्लंघन पर सख्ती से की कार्रवाई जाएगी।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाइव प्रसारण



**जगदलपुर।** कृषि अनुसंधान केन्द्र कुम्हरावण्ड में संचालित अखिल भारतीय शुष्क खेती कृषि अनुसंधान परियोजना द्वारा ग्राम छापरमानपुरी, तोकापाल में द्विपक्षीय संवाद सह पीएम किसान समृद्धि योजना का लाइव प्रसारण किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री के उद्बोधन को कृषकों ने देखा । किसान परिवारों के बैंक खातों में सम्मान निधि सीधे जमा होने पर किसानों ने खुशी जाहिर की। डॉ. तेजपाल चंद्राकर, प्रमुख वैज्ञानिक, मृदा विज्ञान द्वारा अनुसंधान केन्द्र में किये जा रहे अनुसंधान कार्यक्रमों को विस्तारपूर्वक किसानों के साथ साक्षा की। कृषि क्षेत्र में किये जा रहे वैज्ञानिक पद्धति से नवाचार एवं तकनीकों के विषय में बताया जैसे राइजोबियम तथा पीएसबी कल्चर द्वारा मृदा की उर्वकतता क्षमता को बढ़ाये जाने का तरीका तथा इसे अपने घर या खेत में ही और अधिक बढ़ाये बनाने की विधि बताई। डॉ. नरेन्द्र नाग ने किसानों को खेती संबंधी सलाह दी । कार्यक्रम में दशमी कश्यप एवं जीवनाथ मौर्य, सरपंच द्वारा कृषकों को राज्य तथा केन्द्र पोषित कृषि योजनाओं से जुड़कर अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए आह्वान किया गया। कृषक मुन्ना कश्यप, बोदाराम कश्यप सहित 57 किसानों ने हिस्सा लिया।

### विवि के 14 ग़ैर शैक्षणिक स्टॉफ को मिली पदोन्नति



**जगदलपुर।** उत्कृष्ट और समर्पित सेवा के लिए शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर ने अपने 14 गैर शिक्षकीय कर्मचारियों की पदोन्नति दी है। कार्यपरिषद में स्वीकृति के बाद शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। कर्मचारियों में शहनाज बेगम,नोवेल किंडो,थान सिंह एवं उदय पाण्डे कार्यालय अधीक्षक पद पर पदोन्नत किए गए हैं। जबकि प्यारे लाल यादव और राम मरकाम को डाटा एंट्री ऑपरेटर से कार्यालय प्रबंधक के पद पर प्रोन्नति मिली है। शैलेंद्र कुमार और लखेश्वर को सहायक ग्रेड 1 में भेजा गया है। इसके अतिरिक्त रेणुका सिन्हा,जगदीश नाग,धनपति बघेल,संतोष नामदेव,भरत यादव,सत्यनारायण यादव सहायक वर्ग 2 में पदोन्नत हुए हैं। इस संबंध में शुक्रवार शाम आयोजित शुभकामना कार्यक्रम में कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव ने सभी पदोन्नत कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। कुलसचिव डॉ राजेश लालवानी ने कर्मचारियों को कार्यालय का मेरूदंड बताते हुए सभी के उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष उदय पाण्डे ने लंबित पदोन्नत का समाधान करने पर कुलपति,कुलसचिव और दोनों सहायक कुलसचिवों के प्रति आभार जताया। पांडे ने कहा कि कुलपति के नेतृत्व में विश्वविद्यालय उन्नति के पथ पर अग्रसर है।

# शहर को स्वच्छ बनाने के लिए एकजुट होकर करें काम : वेदवती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर पालिक निगम ने शनिवार को दलपत दीपोत्सव सम्मान समारोह का आयोजन डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में किया। कार्यक्रम में उन लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया जिन्होंने दलपत सागर दीपोत्सव के आयोजन में सहयोग प्रदान किया था। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

■ दीपोत्सव में सहयोग करने वालों का हुआ सम्मान

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप ने कहा कि दलपत दीपोत्सव का आयोजन आगे भी जारी रहना चाहिए और हर वर्ष इसी प्रकार का भव्य आयोजन किया जाना चाहिए। उन्होंने शहर को स्वच्छ बनाने के लिए सभी से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। महापौर संजय पांडे ने कहा कि दीपोत्सव के आयोजन को सफल बनाने में नगर निगम की टीम और शहरवासियों ने अथक प्रयास किए, जिसका परिणाम सामने है। उन्होंने कहा कि नगर निगम का पहला लक्ष्य शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाना है और यह लक्ष्य तभी प्राप्त किया जा सकता है जब सभी की सहभागिता हो। एसएलआरएम सेंटर में पहले की तुलना में तीन गुना अधिक कचरा पहुंच रहा है, जिसका अर्थ है कि शहरवासी अपने घरों का कचरा स्वच्छता दीदियों के माध्यम से कचरा गाड़ियों में दे रहे हैं, उन्होंने कहा कि शहर को नंबर वन बनाना हमारा लक्ष्य है । 5 वर्ष दलपत दीपोत्सव के माध्यम से दीप जलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया है, अगले वर्ष स्वच्छता में अच्छा प्रदर्शन कर दीप जलाना है।




जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष दिनेश कश्यप, जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा, बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्याम सोमानी तथा नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा ने उद्बोधन में कहा कि दलपत सागर में सफाई अभियान सभी के सहयोग से सफल हुआ है।

कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, राणा घोष, कलावती कसेर, संजय विश्वकर्मा, संग्राम सिंह राणा, रामनरेश पांडे, बस्तर परिवहन संघ के अध्यक्ष प्रदीप पाठक विधुशेखर झा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने मद्देड़ में वाहन रोक कर की जांच, प्राचार्य को दिया नोटिस

# वैन में ठूंसकर भरे थे 20 मासूम, 15 किमी दूर स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





बीजापुर जिले के मद्देड़ के एक नीजि केरला मॉडल इंग्लिश मिडियम स्कूल के प्रायमरी कक्षाओं के मासूम बच्चों को वेन क्रमांक सीजी 20 के 6306 में ठूंसकर भरा गया था। बीजापुर के जिला शिक्षा अधिकारी राजकुमार

■ 3 गांव से बच्चों को भरकर तेज रफ़्तार से जा रहा था चालक

कठौते ने शुक्रवार को भोपालपट्नम प्रवास के दौरान तेज रफ़्तार से दौड़ रही वेन को रोककर पूछताछ की।

वेन में सवार नन्हें बच्चों को देखकर उन्होंने वाहन को रूकवाया। जब वेन का दरवाजा खोलने को कहा तो वे खुद अचंभित रह गए। लगभग 20 बच्चे वेन में ठूंसकर भरे गए थे। सुबह करीब 10 बजे का समय था और मासूम बच्चों के चेहरे से पसीना निकल रहा था। चालक दिनेश एलम ने बताया कि 15-20 किमी दूर मिनकापल्ली, कोतापल्ली और कोंडपल्ली गांव से इन बच्चों को मद्देड़ स्कूल में ला रहा था। राष्ट्रीय राजमार्ग में मासूम बच्चों को एक वेन में भरकर तेज रफ़्तार से वाहन को चलाना बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ करना अधिकारी ने माना। उन्होंने केरला मॉडल इंग्लिश मिडियम स्कूल के प्राचार्य को शाला की मान्यता रद्द करने के लिए नोटिस देते 3 दिन में जवाब देने को कहा है। बच्चों को लापरवाही पूर्वक वेन में बिठाकर 15-20 किमी दूर




से लाया जा रहा है। यह अपने आप में घोर लापरवाही है। जिला शिक्षा अधिकारी ने चालक को चेतावनी देते इस तरह की लापरवाही न बरतने की समझाइश दी। सभी बच्चे पहली से 5वीं तक के मिले जो सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक पढ़ाई के लिए स्कूल जा रहे थे।

गांव दूर था इसलिए उन्हें एक घंटा पहले घर से निकलना पड़ा। गौरतलब है कि गांव गांव में स्कूल होने के बावजूद 20 किमी दूर बच्चों को एक वेन में भेजना पालकों का भी लापरवाही दिखाई पड़ा। रोजाना आना जाना 30 किमी का सफर बच्चों के लिए खतरनाक प्रतित हुआ।

**लापरवाही बर्दाश्त नहीं**

राष्ट्रीय राजमार्ग पर पक्की सड़क में वेन को बच्चों से भरकर तेज रफ़्तार में दौड़ाना काफी खतरनाक है। बच्चों को वाहन में देखकर मैंने जांच की । इसमें चालक के अलावा शाला प्रबंधन दोषी है इसलिए कार्यवाही की जाएगी। आरटीओ को भी बच्चों को स्कूल ले जाने वाले वाहनों की जांच कर कार्यवाही करने पत्र लिखेंगे।

-राजकुमार कठौते,
जिला शिक्षा अधिकारी बीजापुर

## किसानों के हित में सहकारिता प्रकोष्ठ की अहम भूमिका : दुबे




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ की संभागीय बैठक शनिवार को जिला कार्यालय में हुई। जिसमें सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रवीण दुबे

■ संभागीय बैठक में सभी जिले के प्रतिनिधि शामिल हुए

सम्मिलित हुए। बैठक में बस्तर संभाग के सभी सात जिलों के सहकारिता प्रकोष्ठ, जिला संयोजक, सहसंयोजक एवं प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में दुबे ने कहा कि सहकारिता का क्षेत्र अत्यन्त महत्वपूर्ण व व्यापक है। विशेष रूप से किसानों के हित में सहकारिता प्रकोष्ठ की भूमिका कैसी होगी, इस दिशा में विचार विमर्श कर हमें कार्य करना है। सहकारिता प्रकोष्ठ बस्तर संभाग प्रभारी शिरीष तिवारी ने जिला कार्यकारिणी का गठन शीघ्र किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में प्रदेश संगठन से प्राप्त होने वाले कार्यक्रमों को जमीनी स्तर पर सफलता पूर्वक क्रियान्वयन करने पर जोर दिया गया। बस्तर जिले के नवनियुक्त जिला संयोजक मनोहर दत्त तिवारी ने उद्बोधन दिया। संचालन जिला सहसंयोजक संतोष नाग व आभार जिला सहसंयोजक तुलसी देवांगन ने माना । बैठक में सह संयोजक रंजीत पाण्डेय, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा, जितेंद्र धुरंदर बिलासपुर, नेतराम निषाद रायपुर , हितेंद्र बनाफर सरगुजा, जय नारायण सिंह दुर्ग , जिला सहकारी संघ अध्यक्ष वेदांत दीक्षित, प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, अनूप भट्टाचार्य, विद्यासागर नायक, महेंद्र भदौरिया, रामप्रसाद कमेटी, योगेश सिंह ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

# 453 लंबित प्रकरणों में 4.84 करोड़ राजीनामा से निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





नेशनल लोक अदालत शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश गोविन्द नारायण जांगड़े द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण पश्चात दीप प्रज्वलित कर किया गया।

■ नेशनल लोक अदालत पर राजस्व न्यायालयों में निपटे 3785 प्रकरण

उसके बाद लोक अदालत में रखे गये लंबित 809 प्रकरणों में से 30 आपराधिक प्रकरण, 12 व्यवहार वाद प्रकरण, 19 दावा प्रकरण, 12 पारिवारिक प्रकरण, 46 धारा 138 निई एक्ट के प्रकरण, 51 श्रम संबंधी प्रकरण, 175 स्पेशल सिटिंग के अन्तर्गत प्रकरण, 108 ट्रेफिक चालान के प्रकरण, इस प्रकार 453 निराकृत लंबित प्रकरणों में 4 करोड़ 84 लाख 25 हजार रुपए में राजीनामा के आधार पर उनका निराकरण आपसी सुलह समझौता के आधार पर किया गया। राजस्व न्यायालयों में गठित 20 खण्डपीठों में 32851 राजस्व प्रकरणों किया गया। इसी प्रकार सभी प्रमुख बैंकों, बीएसएनएल विभाग, विद्युत कंपनी एवं जलकर द्वारा रखे गए 4076 प्रकरणों में से बैंकों के 44 प्रकरण, बीएसएनएल के 71 प्रकरण, विद्युत कंपनी के 332 प्रकरण एवं जलकर के 34 प्रकरण इस प्रकार 481 प्रकरणों में 54 लाख 31 हजार 255 रूपए में राजीनामा के आधार पर प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का अंतिम निराकरण किया गया। अदालत में राजस्व विभाग, नगरपालिक निगम, बैंकों, बीएसएनएल विभाग के सहयोग से 3785 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

### परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अंकिता कश्यप ने बताया कि नेशनल लोक अदालत के लिए चिकित्सा विभाग के सहयोग से जिला न्यायालय परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी लगाया गया। इसमें पक्षकारों एवं आमजनों द्वारा अपना स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया।

# बोलेगा बचपन पुरस्कार से नवाजे गए 14 शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शिक्षा विभाग और ओपन लिंक्स फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों को मंच मिला जिन्होंने अपनी कार्यकुशलता से बस्तर की शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव की

■ बस्तर के शिक्षा दूतों का हुआ सम्मान

नींव रखी है। कलेक्टर आकाश छिकारा के नेतृत्व और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन के मार्गदर्शन में शिक्षकों के भीतर छिपी रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान जिले के 14 चुनिंदा शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए बोलेगा बचपन पुरस्कार से नवाजा गया। वैशाली त्यागी, गीता सिन्हा, पूर्णिमा मांडवी, अपर्णा पॉल, संगीता शोरी, रिंकी नेताम, उपासना साहू, रीना साहू, किरण तिवारी, थलेश गंजीर, कामेश्वरी कश्यप, खिरमनी तिवारी, ऋतु राजवाड़े और नोगेश्वर कुमार साहू का सम्मान हुआ। इन शिक्षकों ने अपने विद्यालयों में पारंपरिक शिक्षण पद्धतियों से हटकर अभिनव प्रयोग किया। बच्चों के भाषा कौशल, कविता पाठ और स्पोकन इंग्लिश जैसी गतिविधियों में सुधार के लिए प्रयास कर रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल और जिला मिशन समन्वयक अशोक पांडे ने शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि शिक्षक समाज की मजबूत नींव हैं। उनके समर्पण से ही बच्चों का भविष्य सशक्त बनता है । शिक्षा विभाग व सामाजिक संगठनों का यह समन्वय बस्तर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को नई दिशा दे रहा है। कार्यक्रम में एपीसी परमेश्वर पांडे और बीआरसी बस्तर अजम्भर कोर्राम सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी और फाउंडेशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



# राष्ट्रीय लोक अदालत में 10,621 प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

संतोष कुमार आदित्य प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दंतेवाड़ा के मार्गदर्शन में तथा रोजमीन राजेश खाखा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बीजापुर के नेतृत्व में 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर खण्डपीठ क्रमांक 1 बीजापुर के पीठासीन अधिकारी रोजमीन राजेश खाखा ने खण्डपीठ सदस्य एस.एकटी अधिवक्ता एवं ईश्वरी झाड़ी अधिवक्ता की उपस्थिति में आपराधिक एवं प्री-लिटिगेशन से संबंधित राजीनामा योग्य प्रकरणों का प्ली बारगेनिंग एवं



स्वीकारोक्ति के आधार पर निराकरण किया।

तालुका विधिक सेवा समिति बीजापुर के समन्वय से आयोजित इस लोक अदालत में पक्षकारों के बीच आपसी समझौता कराकर आपराधिक के 5 प्रकरण तथा पराकाम्य लिखत अधिनियम के 1 प्रकरण का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। इसके अलावा यातायात नियमों के उल्लंघन से जुड़े 1003 ट्रैफिक प्रकरण तथा आबकारी विभाग के 38 प्रकरणों का भी निराकरण किया गया। इस प्रकार कुल 1047 प्रकरणों में शासन के पक्ष में 1,38,300 रुपये की राशि राजसात की गई। इसी प्रकार जलकर, विद्युत बिल, दूरसंचार विभाग के बकाया बिल तथा बैंक ऋण से संबंधित प्री-लिटिगेशन के 601 प्रकरणों में आपसी समझौते के आधार पर 77,719 रुपये की राशि का निराकरण किया गया। वहीं जिले के राजस्व न्यायालयों द्वारा खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारा, नामांतरण एवं अन्य राजस्व से जुड़े कुल 7,574 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

## बकावंड क्षेत्र को करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात, सांसद ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सांसद महेश कश्यप ने शनिवार को विखं बकावंड के विभिन्न ग्रामों के सघन प्रवास के दौरान क्षेत्र को करोड़ों रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। ग्राम कोसमी, राजनगर, बोरीगाँव और पाऊरबेल में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान उन्होंने शिक्षा और सांस्कृतिक संरचना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और शिलान्यास किया। दौरे के दौरान सांसद महेश कश्यप का ग्रामीणों और पारंपरिक लोक कलाकारों ने गाजे-बाजे के साथ आत्मीय स्वागत किया। ग्रामीणों ने पुष्पहार और पारंपरिक तिलक लगाकर अपने जनप्रतिनिधि का अभिनंदन किया। सांसद कश्यप ने ग्राम कोसमी और तोंगकोंगेरा में 100-100 सीटर प्री-मैट्रिक छात्रावास भवनों का भूमिपूजन किया। इन छात्रावासों के निर्माण से वनांचल और दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को सुरक्षित और बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे उनकी शिक्षा को नई दिशा मिलेगी। इसके अलावा उन्होंने ग्राम बोरीगाँव में हाई स्कूल भवन निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया, जिससे क्षेत्र में उच्च शिक्षा की सुविधा और अधिक सुलभ होगी। इस दौरान सांसद ने क्षेत्र की सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने राजनगर में बाली उत्सव के लिए विशेष मंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया और राजनगर तथा पाऊरबेल में आयोजित बाली उत्सव में शामिल होकर स्थानीय देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की।

# लिंगनपल्ली कैम्प में ग्रामीणों को स्वास्थ्य जांच कर दी दवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित लिंगनपल्ली कैम्प में आयोजित सीआरपीएफ के सिविक एक्शन कार्यक्रम का लाभ आधा दर्जन गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने लिया। एक ओर जहां सीआरपीएफ के दक्ष

■ सैकड़ों ग्रामीणों को मिला सीआरपीएफ के सिविक एक्शन कार्यक्रम का लाभ

डॉक्टरों ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवा वितरण किया तो दूसरी ओर ग्रामीणों में उनकी जरूरतों का सामान वितरण किया गया।

अवसर था सीआरपीएफ 219 बटालियन द्वारा आयोजित सिविक एक्शन कार्यक्रम का जिसमें कैम्प के आस-पास के गांव लिंगनपल्ली, कन्हाईगुडा, कुट्टूर, गांगलेर, विरागांगलेर, डोरामंगी व अन्य गांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।




धूर नक्सल प्रभावित इलाकों में ग्रामीणों को विकास की मुख्यधारा में जोड़ने व उनके ह्रदय में विश्वास जागृत करने के लिये सुरक्षा बलों द्वारा लगातार सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। लिंगनपल्ली कैम्प में भी डीआईजी सीआरपीएफ कोंटा राजेश पांडे के मार्गदर्शन तथा पार्थ सारथी घोष कमान्डेंट 219 वीं बटालियन के निर्देश में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन सहायक कमाण्डेंट कानाराम चौधरी व ई ललित आदित्य की उपस्थिति में किया गया। इस कार्यक्रम में मराईगुड़ा थाना प्रभारी उत्तम गावड़े के अलावा सरपंच मराईगुड़ा कोरसा स्वपना के साथ-साथ लिंगनपल्ली कैम्प के आस-पास के गांव लिंगनपल्ली, कन्हाईगुडा, कुट्टूर, गांगलेर, विरागांगलेर, डोरामंगी तथा आसपास के स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। आयोजित सिविक एक्शन प्रोग्राम में डॉ मोहम्मद इब्राहिम (वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी) द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाकर गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों जैसे कि लू लगना, निर्जलीकरण, डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड आदि से बचाव के लिए भरपूर मात्रा में पानी तथा तरल पदार्थों के सेवन के बारे में जानकारी दी गई।

इसके साथ ही बीमार ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार कर दवाईयों का वितरण किया गया। ग्रामीणों को स्वच्छ जल व अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के बारे में अवगत कराया गया।

